# दक्षिण अमेरिका

1. **निम्नलिखित में से कौन-कौन से क्षेत्र लेटिन अमेरिका में शामिल है?**
   **1. दक्षिण अमेरिका 2. वेस्ट इंडीज**
   **3. मेक्सिको 4. मध्य अमेरिका**
   **कूट:-**
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 3 और 4
   (c) केवल 1 और 3
   (d) उपर्युक्त सभी

2. **नीचे दिये गए दक्षिण अमेरिकी देशों पर विचार कीजिए:**
   **1. अर्जेंटीना 2. पुराग्वे**
   **3. बोलीविया 4.गुयाना**
   **5. सूरीनाम**
   **उपर्युक्त में से कौन-से देश स्थलरुद्ध देश है?**
   (a) 1 और 5
   (b) 1,4 और 5
   (c) 2 और 3
   (d) 4 और 5

3. **निम्नलिखित में से कौन-सी विश्व की सबसे लंबी पर्वतमाला है?**
   (a) हिमालय
   (b) रॉकी
   (c) एंडीज
   (d) अप्लेशियन पर्वत

4. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एंडीज़ पर्वतमाला के संदर्भ में गलत है?**
   (a) एंडीज पर्वतमाल विश्व की सबसे ऊँची पर्वतमाला है।
   (b) एंडीज़ नवीन वलित पर्वत के उदाहरण है।
   (c) एंडीज़ पर्वतमाला में अनेक ज्वालामुखी शिखर है।
   (d) पैटागोनिया एंडीज़ पर्वतमाला के वृष्टि छाया क्षेत्र में अवस्थित एक शीत मरुस्थल है।

5. **निम्नलिखित में से कौनसा विश्व का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी पर्वत है?**
   (1) माउंट किलिमंजारो
   (2) माउंट कोटोपैक्सी
   (3) माउंट सेंट हेलेंस
   (4) माउंट फ्यूजीयामा

6. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
   **1. दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के मध्यवर्ती मैदान एंडीज़ पर्वत और पूर्वी उच्च भूमि के बीच फैले है।**
   **2.मध्यवर्ती मैदानों का अधिकतर भाग ओरिनोको, अमेज़न और प्लाटा नदियों की द्रोणियों से बने है।**
   **कूट:-**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 व 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

7. **निम्नलिखित कथनों मे से कौन-से सत्य है?**
   **1. एंडीज़ पर्वत अर्जेंटीना और चिली के मध्य सीमा बनाते है।**
   **2. अर्जेंटीना में पशुओं को बड़े-बड़े चारागाहों फार्मों में पाला जाता है तथा पशुओं की देखभाल करने वाले लोगों को 'गाउचो' कहा जाता है।**
   **3. अर्जेंटीना की समृद्धि का कारण इसकी उत्तम घास भूमि 'पंपास' है।**
   **कूट:-**
   (a) केवल 1 और 3
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) उपर्युक्त सभी

8. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A | सेल्वास | 1 | अर्जेंटीना के मध्य भाग की घास भूमियाँ |
| B | लानोस | 2 | ओरिनोको नदी द्रोणी के घास के मैदान |
| C | ग्रान चाको | 3 | उत्तरी अर्जेंटीना और पश्चिमी पराग्वे के निम्न भूमि प्रदेश के घने वन और घास |
| D | पंपास | 4 | अमेज़न नदी द्रोणी के विषुवतीय वर्षा वन |

**कूट:-**
(a) **A**-4,**B**-2,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-4,**B**-2,**C**-3,**D**-1
(c) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

9. **निम्नलिखित में से विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात कौन-सा है?**
(a) नियाग्रा जलप्रपात
(b) जोग जलप्रपात
(c) विक्टोरिया जलप्रपात
(d) एंजिल जलप्रताप

10. **निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सत्य है?**
**1.दक्षिण पेरू तथा उत्तरी चिली के गर्म मरुस्थलीय प्रदेश को 'अटाकामा मरुस्थल' कहते है।**
**2.'अटाकामा मरुस्थल' के दक्षिण में भूमध्यसागरीय जलवायु पाई जाती है।**
**3. चिली तांबे का प्रमुख उत्पादक देश है। चिली का चुक्वीकमाटा नामक स्थान तांबे के उत्पादन हेतु विश्व प्रसिद्ध है।**
**कूट:-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

11. **निम्नलिखित में कौन-से कथन सत्य हैं?**
**1. दक्षिण अमेरिका के उष्ण कटिबंधीय वर्षा वनों में विश्व की सबसे हल्की लकड़ी 'वाल्सा' पाई जाती है।**
**2. ब्राज़ील में पाये जाने वाले ताड़ जाति के वृक्ष कार्नोबा से मोम प्राप्त किया जाता है।**
**3. रबड़ के वृक्षों का मूल स्थान अफ्रीका महाद्वीप की ज़ायरे नदी द्रोणी है।**
**कूट:-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

12. **वृक्षों एवं उनसे प्राप्त उत्पादों के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I(वृक्ष) | | सूची-II(उत्पाद) | |
|---|---|---|---|
| A | सिनकोना | 1 | चुइंगम |
| B | चिकिल | 2 | कुनैन औषधि |
| C | येर्बा | 3 | टैनिक अम्ल |
| D | क्वेब्रेको | 4 | चाय की पत्तियों के समान |

**कूट:-**
(a) **A**-4,**B**-2,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-2,**B**-1,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4

13. **दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के किस क्षेत्र में पाये जाने वाले वनों का 'मोंटाना' कहते हैं।**
(a) अमेज़न नदी द्रोणी के क्षेत्र में पाये जाने वाले वनों को
(b) एंडीज पर्वत के पूर्वी ढलानों के वनों को
(c) एंडीज पर्वत के दक्षिणी ढलानों के वनों को
(d) ब्राज़ील के तटीय क्षेत्रों में पाये जाने वाले वनों को

14. **विश्व के सबसे बड़े शिकारी पक्षी का नाम क्या है?**
(a) कोंडोर
(b) रीआ
(c) शुतुरमुर्ग
(d) गिद्ध

15. **नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. दक्षिण अमेरिका का यह जीव एंडीज़ पर्वतमाला के ऊँचे भागों में रहता है।**
**2. पर्वतीय क्षेत्रों में इन जीवों के द्वारा सामान की ढुलाई की जाती है।**
**3. यह लंबी गर्दन वाला पशु ऊँट प्रजाति का है तथा ऊँट की तरह ही कई दिनों तक बिना पानी के रह सकता है।**
**उपर्युक्त विशेषताएँ किस जीव के संदर्भ में है?**
(a) प्यूमा
(b) ऐंट-ईटर
(c) जैगुआर
(d) लामा

16. **निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य है?**
**1. दक्षिण अमेरिका में अधिकतर पशुपालन अर्जेंटीना, उरुग्वे और ब्राज़ील के अर्द्ध-नम भागों में होता है।**
**2. अर्जेंटीना, उरुग्वे और ब्राजील देश की घास भूमियों की मूल घास में पर्याप्त पोषक तत्त्व पाये जाते है।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**3. भेड़ पालन के प्रमुख क्षेत्र अर्जेंटीना एवं चिली में है।**

**कूट:-**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**17. वृक्षों एवं उनसे प्राप्त उत्पादों के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I(देश) | | सूची-II(खनिज संसाधन) | |
|---|---|---|---|
| A | ब्राज़ील | 1 | टिन |
| B | बोलीविया | 2 | लौह अयस्क |
| C | चिली | 3 | खनिज तेल |
| D | वेनेजुएला | 4 | ताँबा |

**कूट:-**

(a) **A-**4,**B-**2,**C-**1,**D-**3
(b) **A-**1,**B-**2,**C-**4,**D-**3
(c) **A-**2,**B-**1,**C-**4,**D-**3
(d) **A-**1,**B-**2,**C-**3,**D-**4

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**

**1. दक्षिण अमेरिका के अटाकामा मरुस्थल में नाइट्रेट के बहुत बड़े भंडार है, जिसका उपयोग खाद तथा उर्वरक बनाने में किया जाता है।**

**2. पेरू के तट के पास गुआनो द्वीपों में संसार के सबसे अच्छे प्राकृतिक खाद के भंडार है।**

**कूट:-**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**19. दक्षिण अमेरिका के संदर्भ में 'फज़ेंडा' किसे कहते है?**

(a) ब्राज़ील में कहवा के बागानों को
(b) भेड़ों को रखने के लिये बड़े-बड़े बाड़ों को
(c) पैटागोनिया के मरुस्थल में उगने वाली कँटीली झाड़ियों को
(d) एंडीज़ पर्वत के पर्णपाती वनों को

**20. निम्नलिखित में से किस बंदरगाह को विश्व में 'कॉफी बंदरगाह' के नाम से जाना जाता है?**

(a) बाहिया ब्लांका
(b) रियो ग्रांडे
(c) सैंटोस
(d) रियो-डि-जेनेरो



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213